पत्रिका

# घी के नाम पर जहर: सस्ती कीमतों पर बिक रहा नकली घी, नकली घी की फैक्ट्री का भंडाफोड़!





**जयपुर।** नकली माल बनाने वालों के हौंसले कुछ ज्यादा ही बुलंद हो गए है। अब तो नकली घी बनाने के लिए बाकायदा राजधानी में ही बड़ी फैक्ट्री डाल ली। यहां से प्रमुख ब्रांड के घी के डिब्बे पैक किए जा रहे हैं। ये घी मार्केट रेट से सस्ती दरों पर दुकानदारों को उपलब्ध कराया जाता है। अब ऐसे दुकानदारों की तलाश जारी है।

बुधवार को सहायक पुलिस आयुक्त, मानसरोवर दक्षिण द्वारा मुहाना थाना इलाका स्थित ग्राम केश्यावाला में नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारकर सैंकड़ों लीटर नकली घी सीज किया गया। इस कार्यवाही में सरस-कृष्णा ब्रांड का नकली घी सीज किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा उपस्थित रहे।
जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयपुर द्वितीय की टीम रमेशचंद यादव, दीपक कुमार सिंधी, राजेश कुमार नागर द्वारा मौके पर दोनों ब्रांड के घी के खाद्य नमूने लेकर जांच के लिए भेजा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया कार्यवाही के दौरान मौके पर मौजूद रहे।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/poison-in-the-name-of-ghee-fake-ghee-being-sold-at-cheap-prices-fake-ghee-factory-busted-poison-in-the-name-of-ghee-being-sold-in-the-name-of-big-brands-in-jaipur-fake-ghee-bei-19070702